भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 632
उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2020

वीएसएनएल की हानि

632. श्री सुनील कुमार पिन्टूः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को होने वाली हानि और उसके कर्मचारियों की छंटनी के क्या कारण हैं; और

(ख) बीएसएनएल को इन नुकसानों से उबरने में सक्षम करने के लिए सरकार द्वारा किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क): बीएसएनएल में घाटे के कारण हैं- दूरसंचार क्षेत्र में कठिन प्रतिस्पर्धा, ऋण-भार, कर्मचारियों पर अधिक व्यय और 4जी सेवाओं (बीएसएनएल के कतिपय क्षेत्रों में 4जी सेवाएँ सीमित आधार पर उपलब्ध हैं), का उपलब्ध नहीं होना।

बीएसएनएल ने यह सूचित किया है कि बीएसएनएल में कोई छंटनी नहीं हुई है।

(ख): मंत्रिमंडल ने दिनांक 23.10.2019 को आयोजित हुई बैठक में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लिए पुनरुत्थान योजना अनुमोदित की थी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के जरिए स्टाफ संबंधी खर्च कम करना, बीएसएनएल/एमटीएनएल को 4जी सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन, आस्तियों का मुद्रीकरण और सॉवरेन गारंटी बांड लाकर ऋण पुनर्संरचना शामिल है।

******